गुजराती फिल्मों का निर्माण

1154. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजराती फिल्मों के निर्माण के लिये राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता और सुविधायें पर्याप्त नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार गुजराती फिल्मों को क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों का दर्जा देने का विचार रखती है ;

(ग) यदि हां, तो कब तक; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) से (घ) राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम किसी भाषा की स्थिति अर्थात राष्ट्रीयता, क्षेत्रीयता का ध्यान किये बिना अथवा अन्यथा आलेख/प्रस्ताव के गुणों पर निर्भर करते हुये किसी भी भाषा में फिल्मों के निर्माण हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाता है । निगम के पास गुजराती फिल्मों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने संबंधी अनेक प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुये हैं । तथापि, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम ने अभी तक 4 गुजराती फिल्मों को वित्तीय सहायता प्रदान की है ।

आकाशवाणी और दूरदर्शन का राजस्व

1155. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूरदर्शन और आकाशवाणी ने अगले तीन वर्षों में अपने राजस्व अर्जन में वृद्धि करने के लिए कोई योजना बनायी है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1995-96, 1996-97 और 1997-98 के लिए राजस्व अर्जन संबंधी अलग-अलग अनुमान क्या हैं ; और

(ग) यदि हां, तो कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाने की दृष्टि से राजस्व अर्जन के उपयोग के संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं या उठाये जाने का विचार है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) हालांकि इस उद्देश्य हेतु कोई विशिष्ट योजना नहीं बनायी गई है, तथापि रेटकार्डों में आवधिक संशोधन और वाणिज्यिक रूप से अधिक आकर्षक घटनाओं/कार्यक्रमों के टेलीकास्ट/प्रसारण के जरिए वाणिज्यिक राजस्व को बढ़ाने की कोशिश की गई है ।

(ख) (करोड़ रुपयों में)

	आकाशवाणी	दूरदर्शन
1995-96	91	455
1996-97	103	520
1997-98	138	600

(ग) आकाशवाणी और दूरदर्शन घरेलू तथा बाहरी निर्माताओं के माध्यम से बनाए गए कार्यक्रमों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सतत् प्रयत्नशील रहते हैं ।

National Film Forum

1156. SHRI SANJAY DALMIA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether Government have any proposal to set up a National Film Forum; and

(b) if so, the details of its constitution, terms of referenae, functions and objectives?